गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय अन्त छात्रावास वॉलीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025–26

पंतनगर। 22 अप्रैल 2026। सत्र 2025–26 की विश्वविद्यालय अन्त छात्रावास वॉलीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 से 20 अप्रैल 2026 तक स्टीवेंसन स्टेडियम में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 9 छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच वी.एस. भवन एवं पन्त भवन के बीच खेला गया। वी.एस. भवन ने पन्त भवन को 25–18, 24–26, 25–17, 25–23 से पराजित कर उक्त प्रतियोगिता जीती। श्री आशीष कुमार, वी.एस. भवन के छात्र को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डा ए.एस. जीना द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन अधोहस्ताक्षरी एवं वॉलीबाल के स्टाफ काउंसलर डा. आर. पी. मोर्य ने सफलता पूर्वक किया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों द्वारा उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।